# कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा / माध्य / छाप्रोप्र / सी / इन्सपायर अवार्ड / 2023–24 / 06851 दिनांक :यथा हस्ताक्षर

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक

विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक सत्र 2023–24 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी के आयोजन बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत INSPIRE AWARDS-MANAK SCHEME (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge) वर्ष 2023–24 विद्यार्थियों हेतु DLEPC दिनांक 30.01.2025 से दिनांक 20.02.2025 तक आयोजित करवाई जानी है। योजनान्तर्गत सत्र 2023–24 के लिए आयोज्य DLEPC हेतु निम्नांकित निर्देश जारी किए जाते हैं :–

1. विद्यार्थियों हेतु :–

- इन्सपायर अवार्ड के अन्तर्गत 2023–24 में रू. 10000 / – DBT के माध्यम से प्राप्त कुल 6830 विद्यार्थियों को जिला स्तर की इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में भाग लेना अनिवार्य है।
- जिला स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी मे भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने जो Best innovative idea/project/modal इत्यादि ऑनलाईन अपलोड किया है वही Best innovative idea/project/modal जिला स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी में प्रस्तुत करें।
- समस्त विद्यार्थियों को उनके विद्यालय से जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी आयोजन स्थल तक आने–जाने हेतु उनको दी गई रू 10000 / – की प्रोत्साहन राशि में यात्रा भत्ता की राशि सम्मिलित है।
- विदित रहे कि यह राशि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की गई है। इस राशि का उपयोग विज्ञान विषय में अपने मौलिक विचारों की अभिव्यक्ति हेतु विद्यार्थियों द्वारा इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के माध्यम से करना होता है।
- जिलास्तर की इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ रहे 5 से 10 प्रतिशत प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए किया जायेगा। चयनित समस्त प्रतिभगियों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता (SLEPC) में भाग लेना अनिवार्य होगा।

Signature valid

Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2025.01.25 10:52:05 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 13041016

जिलेवार इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी हेतु निर्धारित तिथियां निम्नानुसार हैं :–

| S. No. | District | No. Of Students | Date | NIF Staff |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sirohi | 79 | 30.01.2025 | |
| 2 | Pali | 160 | 31.01.2025 - 01.02.2025 | |
| 3 | Udaipur | 278 | 07.02.2025 - 09.02.2025 | |
| 4 | Jalore | 94 | 10.02.2025 -11.02.2025 | Team 1 |
| 5 | Jaisalmer | 48 | 12.02.2025 | |
| 6 | Barmer | 270 | 13.02.2025 - 15.02.2025 | |
| 7 | Bikaner | 207 | 16.02.2025 - 18.02.2025 | |
| | | | | |
| 8 | Rajsamand | 175 | 30.01.2025 - 31.01.2025 | |
| 9 | Nagaur | 160 | 01.02.2025 - 02.02.2025 | |
| 10 | Hanumangarh | 243 | 07.02.2025 - 09.02.2025 | |
| 11 | Shriganganagar | 195 | 10.02.2025 -11.02.2025 | Team 2 |
| 12 | Sikar | 238 | 12.02.2025 - 14.02.2025 | |
| 13 | Churu | 242 | 15.02.2025 - 17.02.2025 | |
| 14 | Jhunjhunu | 352 | 18.02.2025 – 20.02.2025 | |
| | | | | |
| 15 | Dungarpur | 95 | 30.01.2025 - 31.01.2025 | |
| 16 | Banswara | 154 | 01.02.2025 - 02.02.2025 | |
| 17 | Pratapgarh | 58 | 07.02.2025 | |
| 18 | Bundi | 86 | 08.02.2025 | Team 3 |
| 19 | Ajmer | 193 | 09.02.2025 - 10.02.2025 | |
| 20 | Bhilwara | 224 | 11.02.2025 - 13.02.2025 | |
| 21 | Jaipur | 745 | 14.02.2025 - 16.02.2025 | |
| | | | | |
| 22 | Jodhpur | 329 | 30.01.2025 - 01.02.2025 | |
| 23 | Kota | 255 | 07.02.2025 - 09.02.2025 | |
| 24 | Dausa | 247 | 10.02.2025 - 12.02.2025 | Team 4 |
| 25 | Bharatpur | 235 | 13.02.2025 - 15.02.2025 | |
| 26 | Alwar | 393 | 16.02.2025 - 18.02.2025 | |
| | | | | |
| 27 | Tonk | 157 | 30.01.2025 - 31.01.2025 | |
| 28 | Sawai Madhopur | 287 | 07.02.2025 - 09.02.2025 | |
| 29 | Dholpur | 112 | 10.02.2025 -11.02.2025 | |
| 30 | Karauli | 113 | 12.02.2025 - 13.02.2025 | Team 5 |
| 31 | Baran | 66 | 14.02.2025 | |
| 32 | Jhalawar | 81 | 15.02.2025 | |
| 33 | Chittorgarh | 259 | 16.02.2025 - 18.02.2025 | |
| Total | | 6830 | | |

Signature valid

Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2025.01.25 1[illegible]:52:05 IST
Reason: Approved

2. <u>जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक हेतु</u> :–

जिला स्तर पर इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक अपने जिले में योजना वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत चयनित विद्यार्थियों की सूची इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल से डाउनलोड करेगें।

जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) आयोजन एवं व्यय के सम्बन्ध में अग्रांकित निर्देशों की पालना करना सुनिश्चित करें:–

1 जिला स्तरीय प्रदर्शनी (DLEPC) आयोजन हेतु राशि रू. 2000/– प्रति विद्यार्थी अधिकतम बजट जारी होगा।
2 यदि किसी जिले में प्रदर्शनी के लिए पात्र विद्यार्थियों की संख्या 500 से अधिक है तो एक से अधिक DLEPC करवाई जा सकती है।
3 जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों को प्रदर्शनी स्थल तक आने व जाने का किराया एवं मॉडल बनाने का व्यय इन्सपायर अवार्ड राशि 10,000/– रूपये में सम्मिलित है।
4 सभी चयनित विद्यार्थियों (छात्र/छात्राओं) के लिए आवास, चाय, नाश्ता, भोजन की उत्तम व्यवस्था की जाए।
5 छात्र–छात्राओं के आवास की व्यवस्था अलग–अलग परिसर में की जाए। छात्राओं के साथ आवास स्थल पर महिला कार्मिकों की ड्यूटी आवश्यक रूप से लगाई जाए। उक्त परिसर में स्वच्छ शौचालय, स्नानागार एवं पर्याप्त स्पेस वाले साफ–सुथरे कक्ष, जहां पर पानी एवं रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो।
6 सम्पूर्ण प्रदर्शनी की प्रतिदिन की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करवाई जाए।
7 मनोनीत जूरी सदस्यों को यात्रा व दैनिक भत्ता दिया जाए।
8 विद्यार्थियों के साथ एस्कोर्ट के रूप में आने वाले शिक्षकों के आवास व खाने की व्यवस्था की जाए।
9 प्रदर्शनी हेतु लाईट, स्टॉल, पर्दे, टेबल आदि की समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे विद्यार्थी अपने मॉडल अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकें।
10 आयोजन में काम आने वाली स्टेशनरी, प्रिंटिग कार्य, फोटोकॉपी आदि पर व्यय एवं अन्य विविध व्यय भी उक्त राशि में सम्मिलित है।
11 यदि चयनित विद्यार्थी दिव्यांग है तो विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक की भी भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जाए।
12 यह सुनिश्चित करें की आयोजन का समस्त व्यय प्रति विद्यार्थी अधिकतम आंवटित राशि के अनुसार ही करना है। इससे अधिक व्यय का भुगतान किसी भी स्थिति में नहीं किया जायेगा।
13 जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) सम्पन्न होने के उपरांत राशि का व्यय विवरण प्रमाण पत्र, प्रर्दशनी के पांच समेकित फोटोग्राफ,

Signature valid
Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2025.01.25 10:52:05 IST
Reason: Approved

प्रतिभागी विद्यार्थियों के पंजीकरण रजिस्टर की फोटोप्रति (उपस्थिति मय हस्ताक्षर) इस कार्यालय को 05 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

14 समस्त प्रकार के व्यय,सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं **RTPP** नियमों के अनुसार एवं समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं परिपत्रों के अनुरूप निर्धारित सीमा में किया जाए।

- समस्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) एवं उनके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शैक्षिक प्रकोष्ठ की व्यक्तिशः जिम्मेदारी रहेगी कि वे अपने जिले के चयनित विद्यार्थियों को अनिवार्यतः जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के निर्धारित स्थल पर समूह के रूप में प्रभारी अध्यापक/अध्यापिकाओं को नियुक्त करते हुए उनके साथ भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।
- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में जूरी सदस्यों में एन. आई.एफ(नेशनल इनोवेशन फाउण्डेशन) के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे अतः उन्हें प्रदर्शनी में यथोचित स्थान प्रदान करें इसके अलावा आयोजक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) द्वारा 02 जूरी सदस्य नियुक्त किये जायें जो विज्ञान संकाय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/व्याख्याता हो। नियुक्त जूरी सदस्यों की सूचना मय सॉफ्टकॉपी 3 दिवस मे निम्नांकित प्रारूप में इस कार्यालय को अनिवार्यतः प्रेषित करें।
- **<u>जूरी सदस्यों की सूचना</u>**

| **क्रं.सं.** | **जिला का नाम** | **जूरी सदस्य का नाम व पदनाम** | **जूरी सदस्य का पदस्थापन स्थान** | **जूरी सदस्य का मोबाईल नं एवं ई–मेल पता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए आयोजन समिति का गठन :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय)आयोजक जिला | संयोजक |
| 2. | अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी(शैक्षिक प्रकोष्ठ) आयोजक जिला | सदस्य सचिव |
| 3. | आयोजन विद्यालय का प्रधानाचार्य | सदस्य |
| 4. | सहायक लेखाधिकारी (जिशिअ माध्यमिक) आयोजक जिला | सदस्य |
| 5. | मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मनोनित एक प्रधानाचार्य | सदस्य |

Signature valid
Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2025.01.25 10:52:05 IST
Reason: Approved

- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) जिला मुख्यालय पर ऐसे प्रतिष्ठित विद्यालय में आयोजित की जाए जिसमें प्रदर्शनी आयोजन हेतु पर्याप्त बड़ा हॉल, बड़े कमरे हों। अन्य सुविधाएं यथा स्वच्छ पानी, स्नानागार, शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने–सोने आदि की उचित व्यवस्था हो, जहां आसानी से पहुंचा जा सके। जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी हेतु तय किए गए स्थान की सूचना मय सॉफ्टकॉपी 02 दिवस मे इस प्रारूप में इस कार्यालय को अनिवार्यतः देवे।

**प्रारूप 02** आयोजन स्थल की सूचना

| क्र. स. | जिले का नाम | प्रदर्शनी आयोजन विद्यालय का पूरा नाम व पता/ई–मेल पता मय संस्था के दूरभाष/मो.नं. | संस्था प्रधान का पूरा नाम व मोबाईल नं/ ई–मेल पता | भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC)के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् जिला स्तर पर भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी विद्यार्थी का विवरण, उनकी उपस्थिति रजिस्टर की फोटोप्रति एवं उनके द्वारा बनाए गए मॉडल के समेकित प्रदर्शनी फोटोग्राफ सहित अग्रांकित प्रारूप मे इस कार्यालय को प्रदर्शनी के समापन पश्चात् मय सॉफ्टकॉपी 07 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे

**प्रारूप 03** जिला :..........................

जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थी

| क्र. स. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | आईडिया / मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के साथ विद्यालय से आए शिक्षक/ शिक्षिका का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

- जिला स्तर पर प्रत्येक जिले के कुल प्रतिभागियों की संख्या के 5 से 10 प्रतिशत तक सर्वश्रेष्ठ चयनित सम्भागी राज्य स्तर प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

Signature valid

Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2025.01.25 1[illegible]:52:05 IST
Reason: Approved

संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् चयनित विद्यार्थियों की सूची निम्नकिंत प्रारूप में प्रत्येक छात्र की दो रंगीन फोटो एवं प्रस्तुत आईडिया / मॉडल का रंगीन फोटो इस कार्यालय को आयोजन की समाप्ति के पश्चात् मय सॉफ्टकॉपी 3 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

**प्रारूप 04**

राज्य स्तरीय प्रदर्शनी हेतु चयनित विद्यार्थी

| क्र. स. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | विद्यार्थी के घर का पता/ ई–मेल पता एवं मोबाईल नं. | आईडिया / मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के हस्ताक्षर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

चयनित विद्यार्थियों की सूची सलंग्न है।

**(आशीष मोदी)**
**IAS**
**निदेशक**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नया मेहरोली मार्ग, नई दिल्ली।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आशय के आदेश समस्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक (मुख्यालय) शिक्षा विभाग को प्रसारित करवाने की व्यवस्था करावें। समस्त विद्यार्थी आवश्यक रूप से भाग लेवे।
3. समस्त मंडल संयुक्त निदेशक।
4. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।

**उपनिदेशक**
**छात्रवृत्ति**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

Signature valid
Digitally signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date: 2025.01.25 10:52:05 IST
Reason: Approved